भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1293

उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2025

नांदेड़ में बीएसएनएल नेटवर्क और इंटरनेट कवरेज

1293. डा. अजित माधवराव गोपछड़ेः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महाराष्ट्र के नांदेड़ में अपने मोबाइल नेटवर्क, दूरसंचार मानकों और इंटरनेट कवरेज में सुधार के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;
(ख) क्या बीएसएनएल नांदेड़ ज़िले में बड़ी संख्या में धार्मिक पर्यटकों के आगमन और बीएसएनएल के खराब मोबाइल सिग्नल के कारण होने वाली दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए वहाँ अपनी मोबाइल नेटवर्क अवसंरचना का विस्तार और उन्नयन करने का इरादा रखता है, जिसमें 4जी और 5जी सेवा शुरू करना भी शामिल है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके लिए प्रस्तावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ग) बीएसएनएल ने दिनांक 30.11.2025 तक नांदेड़ जिला, महाराष्ट्र में स्वदेशी रूप से विकसित 4जी प्रौद्योगिकी वाली 180 साइटें चालू की है। यह उपकरण प्रौद्योगिकी के दृष्टिकोण से 5जी में अपग्रेड करने योग्य है। इसके अलावा, दिनांक 30.11.2025 तक बीएसएनएल द्वारा कार्यान्वित 4जी सैचुरेशन परियोजना के तहत 64 साइटें ऑन-एयर है।

इसके अलावा, बीएसएनएल ने नांदेड़ में 39 नए बैटरी बैंक और बिजली संयंत्र संस्थापित किए है। नांदेड़ दूरसंचार जिला फाइबर नेटवर्क के माध्यम से हाई स्पीड इंटरनेट सेवाऐं प्रदान करने के लिए 77 ऑप्टिकल लाइन टर्मिनल (ओएलटी) से कवर है।

*****